# भरतपुर में श्रीखाटू श्याम बाबा के संकीर्तन में रातभर झूमे लोग

■ श्रद्धालुओं ने भक्ति भावविभोर होकर जमकर कयिा नृत्य

**भरतपुर** (निस)। मौरबीनन्दन श्याम सेवा समिति भरतपुर की ओर से हीरादास स्थित पचौरी डेन्टल क्लीनिक परिसर में श्री खाटू श्याम बाबा के संकीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें भरतपुर के त्रिभुवन सिंह एवं कानपुर से आई भजन गायिका प्रीति शर्मा की ओर से भजनों की ऐसी रसधार बहाई कि श्रद्धालु पूरी रात झूमते रहे। संकीर्तन में सर्वप्रथम श्री खाटू श्याम बाबा की प्रतिमा के सम्मुख अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई।

पचौरी डेन्टल क्लीनिक परिसर में आयोजित बाबा श्री खाटू श्याम जी के जागरण में शामिल श्रद्धालुओं में डॉ. विनोद पचौरी, एलजी शोरूम के अनिल खंडेलवाल, आनंद खण्डेलवाल, सब इंस्पेक्टर नगेंद्र शर्मा, पवन कुमार शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा खेड़ा, भाजपा नेता नरेंद्र सिंह, यशपाल सिंह चोला मंडल, विक्रम सिंह टाटा, विनोद चौटाला, आशीष त्रिपाठी, एएसआई फतेह सिंह मौजूद रहे। जागरण कार्यक्रम में श्री श्याम बाबा के भजनों की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया।



पचौरी डेन्टल क्लीनिक परिसर में श्री खाटू श्याम बाबा के संकीर्तन का आयोजन किया ।

इस दौरान श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया एवं महिलाओं ने भक्ति भाव में भावविभोर होकर नृत्य किया। जागरण के बाद दूसरे दिन गुरू पूर्णिमा के अवसर सभी श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। प्रसादी वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद संजना जाटव, जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा, आईआरएस विश्वजीत, ताइक्वांडो के आकाश शर्मा, राजेन्द्र सारस्वत, कच्चा परिकोटा नियमन संघर्ष समिति के जगराम धाकड़ सहित पधारे हुए सभी अतिथियों का साफा,दुपट्टा पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया । इस अवसर पर शहर अध्यक्ष दयाचन्द पचौरी, बाल कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष गंगाराम पाराशर, प्रदेश सचिव धर्मेंद्र शर्मा, पूर्व प्रधान सतीश सोगरवाल, उद्योगपति नवीन पाराशर, डीसीसी उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, प्रेम सिंह प्रजापत, माधो शर्मा, बृजमोहन शर्मा, खेमचंद शर्मा, मनोज पंडित, विनोद चौटाला, कौशल किशोर, देवी चरन, देवी प्रसाद, सचिन खेड़ा, विनोद, राम मनोहर शर्मा, खेमचंद शर्मा, रमेश पाठक, मंडल अध्यक्ष गजराज सिंह, प्रवक्ता दिगंबर खटाना, महासचिव शहीद खान, उपेंद्र चंदेला सहित विभिन्न समाजों के श्रद्धालु मौजूद रहे।

## स्वनिधि योजना का अधिक से अधिक उठाऐं लाभ

**भरतपुर** (निस)। राज्य सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों यथा गिग वर्कर्स, ट्रांसपोर्ट वर्कर्स, भवन निर्माण श्रमिक, होकर्स, सफाई श्रमिक, रेगपिकर्स, दस्ताकार, आदि की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना लागू की गयी है। जिसके तहत लोगों को बिना गारंटी का 10 हजार रूपये का ऋण मात्र 7 प्रतिशत ब्याज पर उपलब्ध करवाया जा रहा है। आयुक्त नगर निगम श्रवण विश्नोई ने बताया कि योजना में आवेदन के लिए तीन दस्तावेज आवश्यक होंगे। जिनमें जनाधार कार्ड, जनाधार से जुडा हुआ मोबाईल नम्बर एवं बैंक पास बुक की फोटोप्रति आवश्यक रूप से साथ लानी होगी। उन्होंने बताया कि इस श्रेणी के श्रमिक दस्तावेजों के साथ किसी भी ई-मित्र पर जाकर आवेदन कर सकता है या वह नगर निगम कार्यालय के कमरा नं0 5 में भी आकर आवेदन कर सकता है। उन्होंने बताया कि योजना में आवेदन के लिए नगर निगम कार्यालय में 20 जुलाई तक लगातार कैम्प लगाया जा रहा है। कैम्प में भी योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं जिसका कोई शुल्क नहीं लगेगा।

## सार-समाचार

### विधायक व समाज सेवी का किया स्वागत



**करौली**, (निंसं.) करौली के निकट गांव टोके ग्राम पंचायत तुलसीपुरा में 12 गांव की अथाई वाले हनुमान मंदिर से टोके नंदी बाबा के स्थान व फुलेकी झोपड़ी से परीता तक सडक स्वीकृत करने पर करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर और भाजपा के वरिष्ठ नेता समाजसेवी सतवीर चंदीला का 12 ग्राम की अथाई पर साफा माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान गांव के विकास के लिए तन,मन,धन से ग्रामीणो का साथ देने का दोनों नेताओं द्वारा गांव की जनता को आश्वासन दिया गया इस अवसर पर देवनारायण कमेटी के अध्यक्ष सूबेदार वीरेंद्र सिंह, महाराज सिंह, रामचरण, शीशराम, तुलसीपुरा सरपंच रामवीर, राम सिंह, सिरमौर, जय सिंह, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता के के सारस्वत और गांव के पंच पटेल मौजूद थे।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन के प्रचार में माली समाज की सक्रिय भागीदारी

**करौली**, (निंसं.) जिला मुख्यालय स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान छात्रावास परिसर में आगामी देवउठनी एकादशी 2 नवंबर को माली समाज का सातवां सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में अधिक से अधिक विवाह योग्य जोड़ों के पंजीयन के लिए प्रचार प्रसार ग्रामीण क्षेत्रों में सम्मेलन पदाधिकारियों द्वारा किया जा रहा है सम्मेलन समिति पदाधिकारी कल्याणलाल कोषाध्यक्ष,सह संयोजक शिवचरण, मेंबर प्यारेलाल डायरेक्टर, किरोड़ी माली,जगन्नाथ सरपंच, प्रवक्ता गोपाल माली एवं हेमराज टेंट वाले सहित समाज के प्रतिनिधि विभिन्न गांवों में पहुंच रहे हैं और समाज के लोगों से अधिक से अधिक जोड़ों के पंजीयन हेतु अपील कर रहे हैं और साथ ही छात्रावास निर्माण के लिए तन,मन,धन से सहयोग की अपील की जा रही है सम्मेलन की प्रचार सामग्री अटा,अस्थल, कुडगांव,सपोटरा,अमरगढ़, मोतीपुरा,अंडेल, रामठरा, बाजना बड़ा-छोटा,आडाडूंगर, गैरई, चैनपुर, बर्रिया, गोपालगढ़, बाजितपुर, महमदपुर, डफलपुर आदि गांव में पहुंचकर वितरित की गई इस दौरान ग्रामीणों ने प्रचार सामग्री वितरण में उत्साहपूर्वक सहयोग किया।

## बयाना उप जिला अस्पताल में जेबकट गिरोह सक्रिय

■ बुजुर्ग की जेब से उड़ाए 40 हजार रुपये

**बयाना भरतपुर** (निस)। उप जिला अस्पताल में इन दिनों जेबकट गिरोह सक्रिय नजर आ रहा है। शुक्रवार दोपहर एक बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए शातिर बदमाशों ने अस्पताल परिसर में दवा वितरण केंद्र पर लाइन में खड़े एक बुजुर्ग की जेब से 40 हजार रुपये पार कर लिए। घटना के बाद से अस्पताल में मरीजों और तीमारदारों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, शेरगढ़ निवासी हरि सिंह जाटव (50) अपने 10 वर्षीय बीमार पोते मनु को इलाज के लिए शुक्रवार दोपहर करीब 12रू30 बजे अस्पताल लाए थे। डॉक्टर को दिखाने के बाद वह दवा लेने के लिए दवा वितरण केंद्र पर लाइन में खड़े थे। इसी दौरान भीड़ का फायदा उठाकर किसी अज्ञात बदमाश ने उनकी जेब में रखे 40 हजार रुपये निकाल लिए। हरि सिंह ने बताया कि यह राशि उन्होंने कस्बे के एक दुकानदार को उधारी चुकाने के लिए साथ रखी थी। दवा लेने के बाद जैसे ही वह लाइन से बाहर आए, तो जेब खाली देखकर उनके होश उड़ गए।

उन्होंने तुरंत अस्पताल प्रशासन और कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पीएमओ डॉ. जोगेन्द्र सिंह गुर्जर को भी घटना से अवगत कराया गया। कोतवाली के हेड कांस्टेबल शांतिचंद मीना ने बताया कि पीड़ित से मौखिक शिकायत मिली है। अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों का पता लगाकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## रील बनाने पर चिकित्सा अधिकारी कर्मचारी के विरूद्ध होगी कार्यवाही

**करौली।** करौली सामान्य चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी ने एक आदे'ा जारी करते हुए चिकित्सा अधिकारी, कर्मचारीयो को निर्दे'ा दिये है कि वह अस्पताल मे मोबाईल से रील या बीडियो नही बनाये अन्यथा उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कि जायेगी।

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी रामके'ा मीणा ने कहा कि प्रायः देखने में आया है कि चिकित्सककार्मिक चिकित्सालय में मरीजो के साथ रीलविडियो बनाते है एवं उन्हे सोशल मिडिया पर भी डाल देते है जिससे कई बार चिकित्सालय की छवि भी खराब होती है। अतः सभी को निर्देशित किया जाता है कि मरीजो के साथ किसी भी प्रकार की रीलविडियो ना बनाये और यदि भविष्य में कोई भी चिकित्सककार्मिक ऐसा करते पाया गया तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर विद्यालय में शिविर का आयोजन

**भरतपुर** (निस)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के एक्शन प्लान की अनुपालना में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर के द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बझामदी, भरतपुर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर अनुतोष गुप्ता द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को जनसंख्या दिवस पर बाल विवाह अभिशाप एवं उसके दुष्परिणाम, पोक्सो अधिनियम, बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना, 2024 योजनाओं, बच्चों का हेल्पलाईन नं. 1098, नालसा के टोल-फ्री राष्ट्रीय विधिक सहायता हेल्पलाईन नं. 15100 के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013, विधिक सहायता, नालसा थीम सॉन्ग, साइबर क्राइम, बाल श्रम, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, निःषुल्क विधिक सहायता, कानूनी प्रक्रिया, महिला सषक्तिकरण, बिना लाइसेन्स वाहन न चलाना, टैफिक नियम, राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के बारे में बताया एवं उनकी समस्याओं का निराकरण किया। शिविर में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अशोक द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। यह विज्ञिप्त आमजन से संबंधित है। अतः आपसे अपेक्षा है कि इस सूचना को इलेक्ट्रोनिक एवं प्रिन्ट मीडिया में प्रकाशित करावे ताकि अधिक-से-अधिक व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की गतिविधियों से अवगत हो सके।



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बझामदी, भरतपुर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया

## शिविरों में आमजन को राज्य सरकार की योजनाओं से किया जा रहा है लाभान्वित

**करौली**, (निंसं.) नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि आज ब्लॉक करौली में कैलादेवी व लौहरा, ब्लॉक मासलपुर में सीलौती, उपखंड टोडाभीम में भनकपुरा, भजेडा व धवान, उपखंड हिण्डौन में झारेडा, सिकरोदा मीना व फुलवाडा, पंचायत समिति श्रीमहावीरजी में श्रीमहावीरजी व अकबरपुर, उपखंड नादौती में नादौती, कैमा व कैमरी, उपखंड मण्डरायल में नानपुर, महाराजपुरा व माँगेपुरा के राजीव गांधी सेवा केन्द्रों पर शिविरों का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु संबंधित अधिकारियों द्वारा अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित कर राज्य सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

**पश्चिम मध्य रेल**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि.मं.सं.एवं दू.सं.इंजी.(सिगनल एवं दूर संचार) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल, निम्नलिखित कार्यों, KOTA/S&T/Tele/2025/04 & KOTA/S&T/Tele/2025/05 के लिये निर्धारित ई-निविदाएं आमंत्रित करते है टेण्डर खुलने की तारीख एवं समय 04.08.2025 को 15:00 बजे है। इस निविदा के लिये किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। **क्र.सं.1- टेन्डर सं.:** कोटा/एसएण्डटी/टेली/2025/05, **कार्य का नामः** प्रोविजन ऑफ वीएचएफ कम्युनिकेशन (25 वाट) कम हेविंग रिकॉर्डर फेसिलिटी ऐट कोटा-रुठयाई एंड कोटा-बस्सी बैरिसाल सेक्शन (32 स्टेशन) ऑफ कोटा डिवीजन पश्चिम मध्य रेलवे, **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 1,56,87,179.12, **टेण्डर फार्म की कीमतः** नगण्य, **बयाना राशिः** ₹ 2,28,500.00, **कार्य समाप्ति अवधिः** 12 माह, **टेण्डर जमा करने आखिरी तारीख एवं समयः** दिनांक 04.08.2025 को 15:00 बजे तक, **क्र.सं.2- टेन्डर सं.:** कोटा/एसएण्डटी/टेली/2025/04, **कार्य का नामः** रिप्लेसमेंट ऑफ ओवेरऐजड वीएचएफ कम्युनिकेशन (25 वाट) कम्युनिकेशन हेविंग रिकॉर्डर फेसिलिटी अट मथुरा-नागदा सेक्शन (58 स्टेशन) ऑफ कोटा डिवीजन पश्चिम मध्य रेलवे, **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 2,68,12,210.12, **टेण्डर फॉर्म की कीमतः** नगण्य, **बयाना राशिः** ₹ 2,84,100.00, **कार्य समाप्ति अवधिः** 12 माह, **टेण्डर जमा करने आखिरी तारीख एवं समयः** दिनांक 04.08.2025 को 15:00 बजे तक। **नोटः** पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई है। निविदा/बोलीदाताओं के पास कक्षा III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है और आई.आर.ई.पी.एस पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदा/बोलीदाताओं ई-टेण्डरिंग पर भाग ले सकते है। सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किया जाना चाहिये। पंजीकृत निविदा एण्ड GSTIN रजिस्टर होना चाहिये। (हस्ता.)

वरि.मं.सं. एवं दू.सं.इंजी./समन्वय
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## सुरक्षित प्रवास की जानकारी दी

**करौली**, (निंसं.) डांग विकास संस्थान करौली द्वारा मंडरायल तहसील के गांव मनाखुर मे प्रवास पूर्व प्रशिक्षण शुक्रवार को रखा गया। जिसमे डांग विकास संस्थान के कार्यक्रम समन्वयक राजेश शर्मा द्वारा सुरक्षित प्रवास की जानकारी सभी सहभागियों को दी। कार्यक्रम समन्वयक राजेश शर्मा ने बताया कि डांग विकास संस्थान विगत कई वर्षो से श्रमिको, विधवा महिला एवं गरीब व वंचित परिवारो के लिए कार्य कर रही है। प्रशिक्षण में प्रवास पूर्व आवश्यक जानकारी,सतर्कता,सुरक्षित प्रवास एवं कार्यस्थल पर चिनौतियों व सुरक्षा के साथ-साथ केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की पात्रता,आवश्यक दस्तावेज, लाभ के बारे में उपस्थित ग्रामीणो को बताया गया। डांग विकास संस्थान की नीतू चतुर्वेदी द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, बीओसीडबल्यू, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना,पालनहार योजना आदि योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। श्रीमती ज्योति शर्मा ने मजदूर हेल्पलाईन नम्बर की जानकारी दी एवं प्रशिक्षण पश्चात आईईसी सामग्री का वितरण किया गया। प्रशिक्षण में डांग विकास संस्थान के कार्यक्रम समन्वयक राजेश शर्मा एवं जिला समन्वयक श्रीमती ज्योति शर्मा के साथ डांग विकास संस्थान की टीम उपस्थित रही।

## भरतपुर में बिजलीघर पर हुआ बीईएसएल की जनसुनवाई का आयोजन

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर में बिजलीघर चौराहा स्थित सब-डिविजनल कार्यालय पर शुक्रवार को भरतपुर इलेक्ट्रिसिटी सर्विसेज लिमिटेड द्वारा जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें बिजली से संबंधित उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुना गया। बीईएसएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आकाश सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि जनसुनवाई में भरतपुर शहर के मात्र 17 उपभोक्ता ही अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। अधिकांश उपभोक्ताओं ने विद्युत बिल में किश्त करवाने, पुराने कनेक्शन कटवाने तथा विद्युत खंभे को स्थानांतरित कराने संबंधी समस्याएं रखीं। उन्होंने बताया कि प्राप्त 17 में से 11 शिकायतों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जबकि कुछ कार्य तकनीकी प्रक्रिया के कारण 7 से 10 दिनों के भीतर पूर्ण किए जा सकेंगे।

## रुदावल तहसील बचाओ संघर्ष समिति की बैठक आयोजित

■ रुदावल तहसील को पूर्व तहसील में विलय करने पर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी। क्षेत्रीय विधायक एवं तहसीलदार को सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन।

**रुदावल भरतपुर** (निस)। रुदावल तहसील को यथावत रखने की मांग को लेकर शुक्रवार को दाऊजी मंदिर पर तहसील बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले व्यापारी, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासियों की बैठक पूर्व सरपंच श्रीराम बैंसला की अध्यक्षता में हुई। जिसमें रुदावल तहसील के अस्तित्व को बचाने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही सरकार द्वारा रुदावल तहसील को मूल इकाई (पूर्व की तहसील) में विलय करने पर सरकार के खिलाफ आन्दोलन करने की चेतावनी दी है। बैठक में पूर्व सरपंच श्रीराम बैंसला ने कहा कि राज्य प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन सलाहकार समिति जयपुर के सचिव राजनारायण शर्मा के पत्र 25 जून 2025 की ओर से जिला कलक्टर भरतपुर से राजस्व मण्डल के पत्र 19 अप्रेल 2007 द्वारा निर्धारित मापदण्ड पर समिति की ओर से परीक्षण उपरांत मापदण्डों के विपरीत तहसील एवं उप तहसीलों को मूल इकाई में विलय करने की रिपोर्ट मांगी है। उक्त मांगी गई रिपोर्ट से लगता है कि राज्य सरकार की ओर से तहसील रुदावल को मूल इकाई (पूर्व की तहसील रूपवास ) में विलय किए जाने की मंशा है, जो कि न्याय संगत नहीं है। तहसील रुदावल को विलय करने से क्षेत्रीय लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। साथ ही अधिक समय एवं धन का भी व्यय होना तय है। राज्य सरकार द्वारा रुदावल में करोडों रूपये खर्च कर तहसील भवन निर्मित किया हुआ है। जहां तहसीलदार द्वारा सुचारू रूप से भूमि सम्बंधित कार्य सम्पादित किए जाते है व आस-पास के क्षेत्र के लोग भूमि सम्बंधित कार्यों को सहजता के साथ कर पा रहे है। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि रुदावल तहसील के खत्म होने से उन्हें भारी नुकसान होगा। तहसील का दर्जा दिलाने के लिए क्षेत्रवासियों ने लंबे समय तक संघर्ष कर धरना-प्रदर्शन भी किए थे। इस मौके पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ऋषि बंसल, संयोजक अर्जुन पहलवान, पूर्व सरपंच भीमसिंह, पूरन सिंह, व्यापार संघ अध्यक्ष खेमचंद बंसल, महामंत्री विजय गर्ग, मनोज शुक्ला, रामबाबू शर्मा, सुरेश सोनी, मदन मोहन भण्डारी, कमल सिंह, लोकेंद्र मुर्रिका, कुमरपाल, रामसिंह, यादराम, विक्रम चौहान, हेमलता, डोडीराम, जजवीर, श्रीभान, किशन सिंह, रामेंद्र, तोताराम, उदयभान, दिलीप, हंसा बरौदा आदि मौजूद थे।

तहसील बचाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बयाना विधायक डॉ. ऋतु बनावत व तहसीलदार जयप्रकाश शर्मा को सीएम भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपकर रुदावल तहसील को यथावत रखने की मांग रखी। जिस पर विधायक बनावत ने सीएम से मुलाकात कर रुदावल तहसील को यथावत रखने का भरोसा दिया। विधायक ने बताया कि पिछले दिनों आमजन की मांग को ध्यान में रखते हुए उन्होंने सीएम को पत्र

## शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की उमडी भीड़



महादेव मंदिर में दर्शन किए। भक्तों ने शिवजी को बिल्वपत्र, पुष्प और जल अर्पित किया

**करौली**, (निंसं.) करौली में श्रावण मास की शुरुआत श्रद्धा और भक्ति के साथ हुई। शहर के प्रमुख शिव मंदिरों में प्रातः से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। मंदिरों में बम-बम भोले के जयकारे और शिव स्त्रोतों की गूंज सुनाई दी। श्रद्धालुओं ने बैठा हनुमान मंदिर,संत गोमतीदास मंदिर,आंधरे की बगीची,सिद्ध हनुमान मंदिर और पंचमुखी महादेव मंदिर में दर्शन किए। भक्तों ने शिवजी को बिल्वपत्र, पुष्प और जल अर्पित किया। उन्होंने सुख,समृद्धि और अच्छी वर्षा की कामना की।कई मंदिरों में सहस्त्रधारा का विशेष आयोजन हुआ।श्रद्धालुओं ने बारी-बारी से शिवलिंग पर जलधारा चढ़ाई। मंदिरों को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। सावन मास में एक महीने तक चलने वाली शिवपूजन की श्रृंखला में श्रद्धालु प्रतिदिन प्रातः से ही मंदिरों में पहुंच रहे हैं। भक्त शिव परिवार की आराधना कर मंगलकामनाएं मांग रहे हैं।

## कृषि महाविद्यालय कुम्हेर में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया

**भरतपुर** (निस)। कृषि महाविद्यालय कुम्हेर में शुक्रवार को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि भारत वर्ष 2023 में चीन को पीछे छोड़कर विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन गया है। उन्होंने बताया कि भले ही वर्तमान में देश की जनसंख्या वृद्धि दर धीमी हुई है, लेकिन बड़ी जनसंख्या के आधार के चलते अनेक सामाजिक और आर्थिक चुनौतियाँ अभी भी विद्यमान हैं।

डॉ. सिंह ने कहा कि अत्यधिक जनसंख्या के कारण स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव बना रहता है, संसाधनों की सीमितता के कारण सभी तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचना कठिन हो गया है। साथ ही बेरोजगारी, पर्यावरण प्रदूषण, झुग्गी-बस्तियों का विस्तार, यातायात की असुविधाएँ और सामाजिक-आर्थिक असमानताएँ भी तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण के उपायों पर जनजागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।



कृषि महाविद्यालय कुम्हेर में विश्व जनसंख्या दिवस पर संगोष्ठी आयोजित, जनसंख्या वृद्धि से जुड़ी चुनौतियों पर हुई चर्चा।

कार्यक्रम में डॉ. श्वेता सिंह ने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस 2025 की थीम युवाओं को एक निष्पक्ष एवं आशापूर्ण विश्व में अपने मनचाहे परिवार बनाने के लिए सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि हमें लैंगिक समानता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, युवा सशक्तिकरण और महिला व शिशु मृत्यु दर जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। साथ ही उन्होंने परिवार नियोजन, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच और गर्भनिरोधक उपायों के विस्तार की भी आवश्यकता जताई। इस संगोष्ठी में डॉ. रामफूल पूनिया और डॉ. दिलीप सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में राजेन्द्र मीना, डॉ. ममता मीना सहित समस्त कॉलेज स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## आधा दर्जन ट्ययूबवैल से विद्युत केबल चोरी

**नदबई भरतपुर** (निस)। नदबई क्षेत्र के गांव कबई में देर रात अज्ञात बदमाश, बेखौफ...करीब आधा दर्जन लोगों के ट्ययूबवैल का ताला तोड़ते हुए विद्युत केबल चोरी कर ले गए। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर जांच पडताल करते हुए अज्ञात बदमाशों का सुराग लगाने का प्रयास किया। लेकिन, पुलिस को सफलता नही मिल सकी। बाद में कबई निवासी उदय सिंह पुत्र टुण्डाराम ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया। पुलिस सूत्रों की मानें तो पीडित उदयसिंह पुत्र टुण्डाराम सहित शिवसिंह पुत्र मांगीलाल, किशनसिंह पुत्र मानसिंह, महेन्द्र सिंह पुत्र रामजीलाल, रामदयाल सिंह पुत्र रामहेत व सुरेन्द्र सिंह पुत्र तेजसिंह के अलग-अलग ट्ययूबवैल से अज्ञात चोर, विद्युत केबल चोरी कर ले गए। सुबह खेत पर कार्य करने दौरान पीडित को ट्ययूबवैल का ताला टूटा मिलने व केबल चोरी होने पर, पीडित ने पुलिस को सूचना दी।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला करौली ( राज. )**

क्रमांक:-व-15()सामा./घोडा/2024-25/6891-6930 दिनांक: 11.07.2025

**खुली निविदा सूचना**

जिला पुलिस करौली के घुडसवार शाखा पुलिस लाईन करौली के सरकारी घोडो 06 हेतु सूखा घास 180 क्विंटल (वर्ष 2025-26 के लिए) क्रय करने के लिए एक वर्ष की अवधि के लिये दरें अनुमोदित किये जाने हेतु निविदाऐं आमंत्रित की गई है। निविदाऐं दिनांक 30.07.2025 को 2.00 PM तक स्वीकार की जा कर उसी दिनांक 30.07.2025 को 3.00 बजे समस्त निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी।

| क्र.सं. | नाम सामान/कार्य का विवरण | अनुमानित राशि | अमानत राशि | निविदा फार्म शुल्क | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सूखा घास | 3,00,000 | 6,000/- | 200/- | 30.07.2025 |

शर्ते:-

1. निविदा फार्म व शर्ते दिनांक 30.07.2025 तक कार्यालय समय में 01.00 पी.एम. तक 200/- रूपये का डी.डी./नकद/पोस्टल आर्डर जमा करवाकर कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है।
2. सभी दरें समस्त प्रकार के करों सहित होनी चाहिए।
3. सशर्त निविदाऐं स्वीकार नहीं की जावेगी।
4. सूखा घास की आपूर्ति पुलिस लाईन करौली में करनी होगी।
5. निविदा दाता फर्म रजिस्टर्ड होना अनिवार्य हैं।
6. मांग के अनुसार नियत समय पर सूखा घास की पूर्ति की जावेगी।
7. सूखा घास की गुणवत्ता उच्च कोटि की होगी जिसकी जांच करवायी जाकर एवं इस कार्यालय द्वारा गठित कमेटी द्वारा गुणवत्ता एवं मापतौल की रिपोर्ट के आधार पर राशि का भुगतान किया जावेगा।

जिला पुलिस अधीक्षक
करौली